संख्या-90/2018/3227 ई-2/तेरह-2018-93/2016

प्रेषक

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गौतमबुद्धनगर।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 10 अक्टूबर,2018

विषय:-मेसर्स मेघ मौसम कैफे प्रा0लि0 द्वारा संचालित रेस्टोरेन्ट "अवर स्टोरी बिस्त्रो एण्ड टी रूम" जनपद गौतमबुद्धनगर को वर्ष 2018-19 के लिए एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन को सम्बोधित एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को पृष्ठांकित अपने पत्र सं0-114/4/आबकारी/एफ0एल0-7/गौतमबद्धनगर, दि0 20 सितम्बर, 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें अवगत कराया गया है कि मेसर्स मेघ मौसम कैफे प्रा0लि0 द्वारा वर्ष 2017-18 हेतु निर्धारित लाइसेंस फीस जमा न करने के कारण उनके द्वारा संचालित रेस्टोरेन्ट "अवर स्टोरी बिस्त्रो एण्ड टी रूम" जी-38, प्रथम तल, सेक्टर-18, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर को वर्ष 2017-18 हेतु एफ0एफ0-7 अनुज्ञापन जारी नहीं किया गया है। अत: उक्त रेस्टोरेन्ट को वर्ष 2018-19 के लिए एफ0एल0-7 अनुज्ञापनपुन: स्वीकृत करने की संस्तुति की गई है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में आपके पत्र दिनांक 16-12-2017 द्वारा उपलब्ध कराई गई जिला बार समिति की रिपोर्ट एवं पत्र दिनांक 20 सितम्बर,2018 में पुन: की गई संस्तुति तथा आबकारी आयुक्त के पत्र दिनांक 02 जनवरी,2018 द्वारा उपलब्ध कराई गई संस्तुति पर सम्यक् विचारोपरान्त मेसर्स मेघ मौसम कैफे प्रा0लि0, पंजीकृत कार्यालय, फ्लैट नं0-19, डी0डी0ए0, एस0एस0एफ0 फ्लैट्स नीति बाग, नई दिल्ली-110049 द्वारा संचालित रेस्टोरेन्ट "अवर स्टोरी बिस्त्रो एण्ड टी रूम" जी-28, प्रथम तल, सेक्टर-18, नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर को वर्ष 2018-19 के लिए एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने की अनुमति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है। अनुज्ञापन की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

तद्नुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-90/2018/3227 (1) ई-2/तेरह-2018 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-291/दस-लाइसेंस-64/एफ0एल0-6-7/खण्ड-22/बार अनु0/नोएडा, दिनांक 02 जनवरी, 2018 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।